प्रेस.विज्ञप्ति दिनांक 20.07.2026

## स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

## भिलाई निगम ने सेक्टर.6 मार्केट की दुकानों का किया सर्वे, संपत्तिकर निर्धारण के लिए माप कार्य शुरू

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र में संपत्तिकर निर्धारण एवं आरोपण की प्रक्रिया को गति देते हुए बीएसपी क्षेत्र में निर्मित भवनों एवं भूमियों का परिमाप ;मापद्ध और सर्वे कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को सेक्टर.6 ए मार्केट स्थित दुकानों का विस्तृत माप एवं सर्वे किया गया।

निगम द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य बीएसपी क्षेत्र में स्थित व्यावसायिक एवं अन्य परिसरों का वास्तविक क्षेत्रफल दर्ज कर संपत्तिकर का वैज्ञानिक एवं पारदर्शी निर्धारण करना है। सर्वे के दौरान दुकानों के आयाम निर्मित क्षेत्र एवं अन्य आवश्यक जानकारियों का रिकॉर्ड तैयार किया गया, जिससे भविष्य में कर निर्धारण की प्रक्रिया अधिक सटीक और व्यवस्थित हो सके। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि संपत्तिकर सर्वे अभियान चरणबद्ध तरीके से पूरे निगम क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है। इससे कर व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी, राजस्व संग्रह में वृद्धि होगी तथा निगम को शहर के विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध होंगे। साथ ही सभी संपत्तियों का अद्यतन रिकॉर्ड तैयार होने से कर संबंधी विसंगतियों को भी दूर किया जा सकेगा।

इस दौरान निगम की सर्वे टीम ने दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। अधिकांश व्यापारियों ने सर्वे कार्य में सहयोग प्रदान किया। सर्वे अभियान के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, सहायक राजस्व निरीक्षक प्रहलाद लहरे, गणित बद्येल, प्रकाश महिलवार एवं महेन्द्र बाघमारे सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में बीएसपी क्षेत्र के अन्य सेक्टरों एवं बाजारों में भी संपत्तिकर निर्धारण के लिए इसी प्रकार का सर्वे एवं माप कार्य जारी रहेगा।

संलग्न.फोटो जनसम्पर्क अधिकारी

